Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 27 | सोमवार, 27 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


### 8 तारीख को होगा केजरीवाल के कुशासन का अंत

# नरेला में बोले अमित शाह आप-दा' मुक्त हो जाएगी दिल्ली

**नई दिल्ली।**

अमित शाह ने कहा कि आज 76वां गणतंत्र दिवस है और 75 साल पूरा कर हमारा संविधान 76वें साल में प्रवेश कर रहा है। इन 75 वर्षों में देश की जनता ने देश के लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है।

दिल्ली के नरेला में अमित शाह ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार पर जमकर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि आज 76वां गणतंत्र दिवस है और 75 साल पूरा कर हमारा संविधान 76वें साल में प्रवेश कर रहा है। इन 75 वर्षों में देश की जनता ने देश के लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया है। ये लोकतंत्र का ही कमाल है कि एक गरीब चाय वाले का बेटा तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनकर आया है। ये लोकतंत्र का ही कमाल है कि एक गरीब आदिवासी की बेटी बहन द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनी हैं, एक सामान्य जाट किसान का बेटा भारत का उप-राष्ट्रपति बना है और इससे पहले एक एक गरीब दलित का बेटा श्री राम नाथ कोविंद जी राष्ट्रपति बने थे। केजरीवाल के कुशासन का अंत 8 तारीख को होगा। केजरीवाल के शासन के दौरान दिल्ली बद से बदतर हो गई। 10 साल में, देश के कई राज्य जहां पर डबल इंजन की सरकार बनी, वो कहां से कहां पहुंच गए, लेकिन दिल्ली को जलभराव, गंदे पानी, कूड़े से जूझना पड़ रहा है। इन्होंने (अअढ) न केवल अव्यवस्थाएं फैलाई हैं, बल्कि हमारे पूर्वांचलियों का अपमान भी किया है। ये कहते हैं कि पूर्वांचली फर्जी वोटर हैं। केजरीवाल जी क्या बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से आए मेरे भाई-बहनों को दिल्ली में वोट देने का अधिकार नहीं है? देशभर में सभी को 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत पांच लाख तक का इलाज मुफ्त मिल रहा है, लेकिन केजरीवाल जी के कारण दिल्ली के लोगों को ये फायदा नहीं मिल रहा है। लेकिन दिल्ली वालों, चिंता मत करो, आप-दा जाने वाली है कमल आने वाला है। हम पांच लाख नहीं, 10 लाख तक का इलाज मुफ्त देंगे।



## बीजिंग पहुंचे विदेश सचिव विक्रम मिसरी

**बीजिंग।**

विदेश सचिव विक्रम मिसरी दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को बीजिंग पहुंचे। चीन दौरे पर मिसरी चीन के अधिकारियों के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) समेत विभिन्न द्विपक्षीय मामलों पर चर्चा करेंगे। करीब डेढ़ महीने के भीतर भारत-चीन के बीच यह दूसरी उच्चस्तरीय चर्चा होगी पिछले महीने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल बीजिंग गए थे और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की चर्चा हुई थी।



बीजिंग पहुंचने पर मिसरी ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के प्रमुख लियू जियानचाओ से मुलाकात की। इस विभाग की चीन की विदेश नीति के निर्धारण में बड़ी भूमिका है। सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार, दोनों पक्षों ने संवाद पर जोर देने, संबंधों के सुधार, साझा चिंता के अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संवाद किया। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया था कि भारतीय विदेश सचिव की चीन के उप-विदेश मंत्री के साथ भारत-चीन संबंधों के विभिन्न क्षेत्रों जैसे राजनीतिक, आर्थिक व जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर बातचीत होगी।

चीनी और भारतीय विदेश और रक्षा मंत्री कई बार एक–दूसरे से मिले हैं। पिछले महीने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल बीजिंग गए थे और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की चर्चा हुई थी। माओ ने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों पक्ष संवाद के साथ–साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को फिर से शुरू करने पर सहमत हुए। डोभाल की यात्रा के बाद मिसरी बीजिंग की यात्रा करने वाले दूसरे उच्च स्तरीय भारतीय अधिकारी हैं। उम्मीद है कि मिसरी की यात्रा के दौरान दोनों देश पूर्वी लद्दाख में एलएसी के हालात समेत कई मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं।

### श्वेत क्रांति 2.0: मोटरसाइकिल पर दूध बेचती नजर आई लड़की

**नई दिल्ली।** कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस के परेड में पशुपालन विभाग की झांकी ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इस झांकी की सबसे खास झलक मोटरसाइकिल पर दूध बेचती लड़की रही, जो यह दशार्ती है कि खेती-किसानी और पशुपालन अब सिर्फ पुरुषों का काम नहीं रहा। भारत ने 26 जनवरी को अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जो 26 जनवरी 1950 को भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है।

### जगह-जगह गूंजा वंदे मातरम

## बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित 26 गांवों में पहली बार लहराया तिरंगा



**जगदलपुर।**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित 26 गांवों में पहली बार गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया। यह गांव बस्तर संभाग के बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और कांकेर जिले में पड़ते हैं। आजादी के बाद पहली बार इन नक्सल प्रभावित 26 गांवों में लोगों ने तिरंगा फहराकर जश्न मनाया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी एक्स पर यह बात साझा की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इन सभी गांवों में सुरक्षा कैंपों की स्थापना की है। इस वजह से इन गांवों में आज पहली बार तिरंगा फहराया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी गांवों में जश्न का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बस्तर में कैंसर रूपी नक्सलवाद के ताबूत पर आखिरी कील ठोंकने का काम हमारी डबल इंजन की सरकार कर रही है। यहां के लोगों के लिए नासूर बन चुके नक्सलियों का मार्च 2026 तक खात्मा तय है। बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक में स्थित वाटेवागु, जिड़पल्ली-1, जिड़पल्ली-2, कोरागुट्टा, कावरगुटटा, कोंडापल्ली में आजादी के बाद पहली बार गणतंत्र दिवस मनाया गया। बीजापुर विकासखंड के पीडिया गांव में 30 साल के बाद झंडा फहराया गया। सलवा जुडुम आंदोलन से पहले यहां पर गणतंत्र दिवस मनाया जाता था। दक्षिण और पश्चिम बस्तर क्षेत्र में कुल छह नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। इन क्षेत्रों में पहले जहां नक्सली लोकतंत्र का विरोध करते थे, वहीं आज ग्रामीणों ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाया। सुबह स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने प्रभात फेरी निकाली और 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' के नारे लगाए।

### कैंप खुलने से 30 साल बाद बहाल हुआ सड़क मार्ग

बीजापुर जिले के घोर नक्सल प्रभावित सात गांवों में सुरक्षा कैंप स्थापित हुए हैं। इसके बाद सड़क मार्ग भी 30 वर्षों बाद बहाल? हुआ है। सड़क निर्माण होने से अब लोगों को पामेड़ जाने आने के लिए बहुत आसानी होगी। पामेड़ जिले का अंतिम व सीमावर्ती गांव है, जहां पहले पहुंचने के तेलंगाना के चेरला होते लगभग 200 किमी से ज्यादा सफर तय करना पड़ता था। अब सड़क बने जाने जिले के लोगों को 100 किमी सफर कम करना पड़ेगा।

### सड़क मार्ग बहाल करने में आई चुनौतियां

तर्रेम के बाद पामेड़ क्षेत्र को जोड़ने के लिए सुरक्षा बलों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नक्सलियों का कोर क्षेत्र माना जाने वाला यह इलाके बेहद खतरनाक है। यहां जगह–जगह आइईडी, स्पाइस होल जैसे घातक विस्फोटक सामग्री बिछाई गई है। इसे सुरक्षा बलों ने बरामद कर निष्क्रिय किया गया। पामेड़ क्षेत्र के पांच गांव ऐसे थे, जहां पुलिस व सुरक्षा बलों की रणनीति से नक्सलियों के कब्जे से मुक्त कराया गया।

## पुतिन समेत वैश्विक नेताओं ने पीएम मोदी को दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं





**नई दिल्ली।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन समेत दुनियाभर के तमाम नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के 76वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामना दी। इसके जवाब में पीएम मोदी ने भी उन देशों के साथ मित्रता का उल्लेख करते हुए संदेश दिए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी को भेजे अपने संदेश में पुतिन ने कहा कि कृपया गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई स्वीकार करें। आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और अन्य क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां व्यापक रूप से जानी जाती हैं। भारत अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों का समाधान निकालने में अहम योगदान दे रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने संदेश में कहा कि अमेरिका की ओर से मैं भारत के लोगों को गणतंत्र दिवस पर बधाई देता हूं।

दोनों देशों की जनता के बीच स्थायी मित्रता हमारे सहयोग का आधार है और यह हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। हम आने वाले वर्षों में अपने सहयोग को और प्रगाढ़ करने के लिए तैयार हैं।

### पीएम मोदी ने कहा धन्यवाद

इसके जवाब में मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत अपने गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। ऐसे में हम दोनों देशों के बीच दोस्ती के ऐतिहासिक बंधन को भी संजोकर रखते हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यह और मजबूत होता रहेगा। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि मालदीव हमेशा भारत के साथ दोस्ती और सहयोग के मजबूत बंधन को संजोकर रखेगा।

## बीते आठ वर्ष में सबसे गर्म रहा गणतंत्र दिवस पर मौसम

**नई दिल्ली।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। इससे पहले 26 जनवरी 2017 को राजधानी में अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिल्ली में बीते आठ वर्षों में पहली बार रविवार को गणतंत्र दिवस पर मौसम सबसे गर्म रहा और अधिकतम तापमान 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। इससे पहले 26 जनवरी 2017 को राजधानी में अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पिछले कुछ वर्षों में 26 जनवरी को दिल्ली के तापमान में काफी उतार-चढ़ाव आया है। वर्ष 1991 से इस दिन का अधिकतम दीर्घावधि औसत (एलपीए) 22.1 डिग्री सेल्सियस रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में तापमान ठंडा रहा है।

2024 में तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस, 2023 में 17.3 डिग्री सेल्सियस और 2022 में 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



## आज प्रयागराज जाएंगे गृह मंत्री अमित शाह, महाकुंभ में लगाएंगे डुबकी

**नई दिल्ली।**

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वह प्रयागराज में महाकुंभ में डुबकी लगाने और पूजा करने तथा पूज्य संतों से मिलने के लिए उत्साहित हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को महाकुंभ मेले में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जाएंगे। वहां वह त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाएंगे। बता दें कि त्रिवेणी संगम में गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियां मिलती हैं। इसके अलावा, महाकुंभ मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागमों में से एक है। अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'सनातन धर्म का महाकुंभ, जो पूरी दुनिया को समानता और सद्भाव का संदेश देता है, न केवल एक तीर्थ स्थल है, बल्कि देश की विविधता, आस्था और ज्ञान परंपरा का संगम भी है। मैं कल प्रयागराज में महाकुंभ में डुबकी लगाने और पूजा करने तथा पूज्य संतों से मिलने के लिए उत्साहित हूं।'



## आज आएगा आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।**



**12 बजे जारी करेंगे अरविंद केजरीवाल**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी सोमवार को अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 'संकल्प पत्र' को जारी किया। भाजपा ने तीन चरणों में अपना संकल्प पत्र किया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र के तीसरा भाग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज दिल्ली 2025 विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का अंतिम हिस्सा जारी करने के लिए मैं आप सबके सामने उपस्थित हुआ हूं। जैसे कि भाजपा की परंपरा है, हम चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं, चुनाव को जनसंपर्क का माध्यम भी मानते हैं।

## आखिरकार, मान ही गए नीतीश! होली के बाद निशांत की होगी राजनीति में एंट्री?

**नई दिल्ली।**

जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने निशांत के राजनीति में शामिल होने के बारे में कुछ संकेत दिए थे। श्रवण कुमार ने कहा था कि हम उनके (निशांत के) बयान का स्वागत करते हैं। कपूर्री ठाकुर ने कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया। आजकल लोग अपने परिवार को बढ़ाते हैं। हमने भी कपूर्रीजी से सीखकर परिवार में किसी को नहीं बढ़ाया. हम हमेशा दूसरे को बढ़ाते हैं।₹ कपूर्री ठाकुर की जयंती पर जनवरी 2024 को नीतिश कुमार के दिए इस बयान ने ही जदयू और आरजेडी के अलग होने की पटकथा लिखी थी। जिसके बाद लालू की बेटी रोहिणी ने एक्स पोस्ट के जरिए नीतीश कुमार पर निशाना साधा था। बाद में जो हुआ वो हम सभी को पता ही है। ये बैकग्राउंड बताने का सीधा सा मतलब है कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) सर्वेसर्वा नीतीश कुमार हमेशा से वंशवाद की राजनीति के आलोचक रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के खिलाफ अक्सर तंज कसते हुए उन्हें कहते सुना जाता रहा है कि उन्हें केवल परिवार को बढ़ावा दिया है। कुमार अक्सर यह भी कहते थे कि बिहार उनका परिवार है। लेकिन अब, विधानसभा चुनाव से पहले जद (यू) एक राजनीतिक उत्तराधिकारी के स्वागत की तैयारी कर रही है। सूत्रों के हवाले से ऐसी खबर मिल रही है कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के होली के बाद सक्रिय राजनीति में शामिल होने की संभावना है।



## संपादक की कलम से

### हादसों की सड़क

यह शर्मनाक ही है कि भारत में दुनिया की सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इन दुर्घटनाओं में अन्य कारणों के अलावा सबसे अधिक भूमिका तकनीकी व गुणवत्ता की खामियों वाली सड़कों की होती है। यह भयावह है कि वर्ष 2023 में देश में हुई पांच लाख दुर्घटनाओं में करीब पौने दो लाख लोगों की मौत हुई। उस पर सबसे दुखद यह है कि मरने वालों में एक लाख चौदह हजार लोग अट्ठारह से 45 वर्ष के बीच के युवा थे। जो परिवार के कमाने वाले व नई उम्मीद थे। इन हालात को देखते हुए ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने वर्ष 2030 तक इन सड़क दुर्घटनाओं को आधा करने का लक्ष्य रखा है। यह विडंबना ही है कि दुर्घटनाएं रोकने के लिये सख्त कानून बनाने एवं तकनीक के जरिये चालकों की लापरवाही पर नजर रखने जैसे उपायों के बावजूद आशातीत परिणाम सामने नहीं आए हैं। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के बेबाक सुझाव से सहमत हुआ जा सकता है कि खराब सड़क निर्माण को गैर–जमानती अपराध बना दिया जाना चाहिए। इसके लिये ठेकेदार और इंजीनियर की जवाबदेही तय होनी चाहिए। हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में उन्होंने दु:ख जताया कि विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों में जब भारत में विश्व की सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले देश के रूप में चर्चा होती है, तो उन्हें शर्म महसूस होती है। आखिर तमाम प्रयासों के बावजूद सड़क हादसे क्यों नहीं थम रहे हैं। यह बात तय है कि अगले पांच सालों में सड़क दुर्घटनाओं को यदि आधा करना है, तो युद्ध स्तर पर प्रयास करने होंगे। उन कारणों को तलाशना होगा, जिनकी वजह से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है। आखिर क्या वजह है कि राजमार्गों के विस्तार और तेज गति के अनुकूल सड़कें बनने के बावजूद हादसे बढ़े हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि राजमार्गों व विभिन्न तीव्र गति वाली सड़कों में साम्य का अभाव है, वहीं मोड़ों को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु तकनीक में बदलाव की जरूरत है। ऐसे में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय को उन कारणों की पड़ताल करनी होगी, जो पर्याप्त धन आवंटन के बावजूद सड़कों को दुर्घटनामुक्त बनाने में बाधक हैं। ऐसे में जरूरी है कि सड़कों की निर्माण सामग्री और डिजाइनों की निगरानी के लिये स्वतंत्र व सशक्त तंत्र बनाया जाए, जो बिना किसी राजनीतिक हस्तक्षेप के काम कर सके। साथ ही मंत्रालय का दायित्व बनता है कि इस बाबत स्पष्ट नीति को सख्ती से लागू किया जाए। यह जानते हुए कि सड़कों के ठेके में मोटे मुनाफे के लिए एक समांतर भ्रष्ट तंत्र देश में विकसित हुआ है, जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता करने से परहेज नहीं करता। जिसके खिलाफ उठने वाली ईमानदार आवाजें दबा दी जाती हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# नई दिल्ली सीट से केजरीवाल को मुश्किल में डाल सकते हैं डॉक्टर मुनीश रायजादा






दिल्ली के चुनावी मैदान में एक नाम ऐसा भी है, जिसकी ओर किसी का ध्यान नहीं है। अगर ध्यान है भी तो उसे जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है। सामाजिक जीवन में कई बार प्रतिभाओं और ताकत को जानबूझकर अनदेखा किया जाता है। विशेषकर समाज का ताकतवर तबका उभरती ताकतों को इसलिए अनदेखा करता है कि कहीं उसकी ओर ध्यान देने से वह प्रतिभा अचानक लाइमलाइट में ना आ जाए, वह लोगों का अपनी ओर ध्यान न खींच ले। स्थापित शख्सियत को डर होता है कि कहीं उभरती प्रतिभा की ओर लोग का ध्यान चला गया तो उस हस्ती की ताकत कम हो सकती है। शायद यही वजह है कि दिल्ली के चुनावी मैदान की इस प्रतिभा को नजरंदाज किया जा रहा है। आप भी सोच रहे होंगे कि यह प्रतिभा कौन है, यह ताकत कौन है? इस सवाल का जवाब हैं डॉक्टर मुनीश रायजादा। जो नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चुनौती दे रहे हैं।

मुनीश रायजादा प्रोफेशन से नवजात बच्चों के डॉक्टर हैं। अमेरिका में स्थापित प्रैक्टिस और नौकरी रही है। चौदह साल पहले जब अन्ना हजारे की अगुआई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन चला तो मुनीश को लगा कि अगर यह आंदोलन सफल हुआ तो भारत बदल जाएगा। भारत में रहते वक्त उन्होंने लालफीताशाही और कदम-कदम पर खुद भी भ्रष्टाचार का सामना किया था। इसलिए उन्हें लगता था कि अगर भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन सफल हुआ और जनलोकपाल की अवधारणा हकीकत बनी तो भारत बदल जाएगा। इस सपने के साथ वे भी अमेरिका की सुविधा संपन्न जिंदगी और डॉक्टरी छोड़ भारत आ गए और भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का सक्रिय सदस्य बन गए। मुनीश की अगुआई में पढ़े-लिखे लोगों को अन्ना आंदोलन की ओर आकर्षित करने और विशेषकर विदेशों स्थित भारतीयों से संपर्क करने का बड़ा श्रेय है। उन्होंने विदेशों से अन्ना आंदोलन के लिए खूब चंदा भी जुटाए। देखते ही देखते वे उस भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बड़े सिपाही बन गए। इसके साथ ही उनकी नजदीकियां अरविंद केजरीवाल से बन गई।

2015 में ऐतिहासिक जीत के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई केजरीवाल सरकार ने मुनीश रायजादा को अपना स्वास्थ्य सलाहकार बनाया। मोहल्ला क्लीनिक, जिसकी ढोल केजरीवाल खूब पीटते हैं, एक तरह से मुनीश के दिमाग की उपज है। सरकार में काम करते वक्त दिल्ली को बदलने और उसके जरिए देश को बदलने का सपना देख रहे मुनीश रायजादा को बाद में झटके लगने शुरू हुए। जब उन्होंने अपनी आंखों से केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की ओर मुड़ते देखा। केजरीवाल की अगुआई में बनी आम आदमी पार्टी ने सादगी के साथ राजनीति और शासन का सपना दिखाया था। लेकिन बाद के दिनों में मुनीश ने देखा कि आम आदमी पार्टी और उसके नेता भी पारंपरिक राजनेताओं की ही तरह आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से गुरेज नहीं है। रायजादा को अपना सपना टूटता हुआ दिखा तो उन्होंने केजरीवाल का साथ छोड़कर अपनी अलग राह चुन ली।

अलग राह चुनने बाद उनके पास अमेरिका लौटकर अपनी डॉक्टरी प्रैक्टिस करने का विकल्प था। अमेरिका में रह रही उनकी डॉक्टर पत्नी ने इसके लिए उन्हें प्रेरित भी किया। लेकिन उनके मन को लगी गहरी चोट ने उन्हें लौटने नहीं दिया। सपनों का बिखरना उन्हें परेशान करता रहा। लिहाजा कुछ दोस्तों के साथ उन्होंने भारतीय लिबरल पार्टी बना ली। अब रायजादा का एक ही सपना है, केजरीवाल के भ्रष्टाचार को उजागर करना और चुनावी बिसात पर किसी तरह से मात देना। उनका मानना है कि अगर केजरीवाल को चुनावी बिसात पर मात नहीं दिया गया तो भारत में फिर से कोई भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन नहीं उभर पाएगा। भ्रष्टाचार के संपूर्ण खात्मे के लिए अरविंद का मुखौटा उतरना जरूरी है।

मुनीश के पास संसाधनों की कमी है। उन्हें आर्थिक रूप से कुछ दोस्तों की मदद मिल रही है। चूंकि उनकी ओर लोगों का ध्यान नहीं है, इसलिए कोई उदार कारपोरेट भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया है। लेकिन रायजादा ने खुद नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के सामने ताल ठोक दी है। इसके साथ ही दिल्ली की सभी 12 आरक्षित सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रहे हैं। वैसे उनकी पार्टी दिल्ली की सभी 70 सीटों पर लड़ रही है। लेकिन उनका ज्यादा फोकस अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों के साथ ही नई दिल्ली सीट पर है। रायजादा ने अनुसूचित समुदाय में बहुत काम किया है। अब भी वे वहां सक्रिय रहते हैं। इसलिए उन्होंने खुद को इन्हीं सीटों पर फोकस किया है। झुग्गी बस्तियों और अनुसूचित जाति वाले समुदायों में उनकी बड़ी पकड़ है। दिलचस्प यह है कि वे इसके बावजूद विकास की राजनीति की बात कर रहे हैं। चुनावी रेवड़ियों की राजनीति पर लगाम की भी बात करते हैं। उनका मानना है कि केजरीवाल ने मुफ्त रेवड़ी की राजनीति करके विकास और श्रम को किनारे किया है। इसका असर है कि दिल्ली में श्रम का महत्व कम हुआ है। दूसरी बात यह है कि भ्रष्टाचार खत्म करने के वादे के साथ दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी दिल्ली की रिश्वतखोरी को खत्म नहीं कर पाई। रायजादा कहते हैं कि वह खत्म कैसे करेगी, क्योंकि खुद ही वह रिश्वतखोरी में डूब चुकी है। रायजादा को केजरीवाल की विलासिता भी चुभती है। इसलिए अपनी नुक्कड़ सभाओं और अपने वोटरों के बीच वे इसे खूब मुद्दा बना रहे हैं।

रायजादा की राह की बड़ी बाधा धन है। उनके पास नहीं है, इसलिए उनके चुनाव प्रचार में चमक-दमक नहीं है। बड़े होर्डिंग और अखबारी विज्ञापन नहीं हैं। विदेशों से केजरीवाल के लिए पैसे जुटाने वाले शख्स के पास बड़े दानदाता नहीं है तो इसकी वजह केजरीवाल और उनकी राजनीति ही है। रायजादा कहते हैं कि किस मुंह से वे लोगों से दोबारा दान मांगे। फिर भी लोग, आम जनता और उनके दोस्त उनके चुनावी यज्ञ की समिधा बनकर उनके साथ चल रहे हैं।

रायजादा की राजनीति की जानकारी केजरीवाल खेमे को है। प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और हर बड़े राजनेता के हर सवाल का तपाक से जवाब देने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी रायजादा के सवालों और आरोपों का जवाब नहीं दे रही। मुनीश मानते हैं कि केजरीवाल को डर है कि अगर उन्होंने रायजादा को तवज्जो देना शुरू किया तो मुनीश के आरोपों पर दुनिया ध्यान ही नहीं देगी, चूंकि एक दौर में मुनीश उनके सहयोगी रहे हैं, इसलिए उन पर गौर भी करने लगेगी। इससे केजरीवाल का शीराजा बिखरने लगेगा।

फिर भी केजरीवाल का शीराजा बिखरेगा। मुनीश इसके लिए प्राणपण से लगे हैं। बेशक मुनीश दिल्ली में सत्ता बनाने तक नहीं पहुंच पाएं, हो सकता है कि उन्हें चुनावी सफलता नहीं मिले। लेकिन इतना तय है कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के वोट बैंक के एक बड़े हिस्से, झुग्गी-बस्ती तक उनकी पहुंच बढ़ी है और उसमें वे सेंध जरूर लगाएंगे। अगर यह सेंध मजबूत रही तो तय है कि आम आदमी के लिए दिल्ली की लड़ाई कठिन होगी। आम आदमी पार्टी की चौथी बार सत्ता की राह में मुनीश रायजादा और उनकी भारतीय लिबरल पार्टी बड़ी बाधा बन जाए तो हैरत नहीं होनी चाहिए। -
**उमेश चतुर्वेदी**

## ममता शर्मा



### कई साल बड़ी हूं मैं

कविता

वक्त से पहले कई हालातो से लड़ी हूं मैं,
अपनी उम्र से कई साल बड़ी हूं मैं।

सजा के होठों पर झूठी हंसी प्यार की,
इस तरह दुनिया के बीच खड़ी हूं मैं।
अपनी उम्र से कई साल बड़ी हूं मैं।

बंधे पंखों से नापा है आसमान मैंने,
अकेले ही खुद अपनी जंग लड़ी हूं मैं।
अपनी उम्र से कई साल बड़ी हूं मैं।

छीन ली किस्मत ने चमक चेहरे की मेरे, की कुंदन से अब रख बनी हूं मैं।
अपनी उम्र से कई साल बड़ी हूं मैं।

जमाए हूं न जाने किस तरह अपने पैर धरती पर,
न जाने कितनी बार गिर कर खुद खड़ी हुई हूं मैं।
अपनी उम्र से कई साल बड़ी हूं मैं।

सोचती हूं जल्द ही खत्म हो सफर इस जिंदगी का,
मगर अभी घर की जिम्मेदारियों से बंधी हूं मैं,
अपनी उम्र से कई साल बड़ी हूं मैं।

# तय हो सहूलियत और भीख का अंतर


रवि अरोड़ा

दिल्ली के विधान सभा चुनाव डराते हैं। येन केन प्रकारेण चुनाव जीतने को सभी राजनीतिक दल जिस तरह से 'मुफ्त मुफ्त मुफ्त' की हांक लगा रहे हैं, उससे चिंता होने लगी है कि यह चूहा दौड़ प्रतियोगिता आखिर कहां जाकर रुकेगी ? आम आदमी पार्टी महिलाओं को इक्कीस सौ रुपया महीना देने की घोषणा करती है तो बीजेपी और कांग्रेस पच्चीस सौ की बोली लगा देती हैं । एक पार्टी मुफ्त इलाज की बात करती है तो दूसरी तुंरत मुफ्त बसों और मेट्रो में यात्रा की सहूलियत देने की बात करने लगती है। एक दल गर्भवती महिलाओं को 21 हजार देने का वादा करता है तो दूसरा झट से बुजुर्गों को पेंशन देने का ऐलान कर देता है। केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा, पांच सौ में गैस का सिलेंडर, ऑटो और टैक्सी चालकों को मुफ्त बीमा और प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को अलग से धनराशि जैसी घोषणाएं भी दिल्ली की गद्दी पर काबिज होने की आकांक्षी तीनों पार्टियां आप, बीजेपी और कांग्रेस की और से लगातार किश्तों में की जा रही हैं। एक दौर था जब चुनाव से पूर्व पार्टियों का एक बार ही घोषणा पत्र जारी होता था मगर अब धारावाहिक की किश्तों की तरह वादों की नित नई सीरीज आ रही हैं। बेशक अब चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं मगर इन दलों के पिटारे से अभी और क्या कुछ निकलेगा, कहा नहीं जा सकता ।

सरकारों द्वारा कल्याण कारी योजनाएं चलाना किसी भी विकासशील देश के लिए अवश्यंभावी हैं मगर अपनी सरकार बनाने के लिए पार्टियों द्वारा 'सेल सेल सेल' जैसी गला फाड़ हांक कहां तक जायज है ? बेशक आजादी के बाद से ही किसी न किसी रूप यह राजनीतिक कुटिलता दिखाई पड़ती ही रही है मगर इस सच्चाई से कोई कैसे इनकार करेगा कि इस नंगई को दस साल पहले दिल्ली के विधानसभा चुनावों में मान्यता दिलवाई आम आदमी पार्टी ने ही । केजरीवाल के इस दांव पर देश भर में बहसें हुईं और एक सुर में इसे जनता के बीच रेवड़ियां बांटने की उपमा दी गई । मगर अब इस मोर्चे पर भाजपा उससे भी आगे निकल गई है। कमाल की बात है कि स्वयं नरेन्द्र मोदी ने ही इस नीति को सबसे पहले रेवड़ी कल्चर कहा था मगर बाद में खुद उन्होंने ही अस्सी करोड़ लोगों को हर माह मुफ्त राशन देकर दुनिया की सबसे बड़ी खैरात का रिकॉर्ड अपने खाते में दर्ज करवा लिया । इसके अतिरिक्त मुफ्त बीमा, मुफ़्त गैस कनेक्शन और किसानों को नकद पैसे देने जैसी योजनाएं चला कर भी उन्होंने केजरीवाल के इस दांव को मीलों आगे तक पहुंच दिया । केन्द्र की गद्दी पर काबिज होने के बाद कई राज्यों में भी चुनावी जीत हासिल करने को भाजपा ने ऐसी ही अनोखी योजनाओं की घोषणा कर दी । सर्वविदित है कि देश में लगभग हर तीन माह में कहीं न कहीं विधानसभा चुनाव होते हैं और देश का दुर्भाग्य देखिए कि हर चुनाव में खैरात बांटने का यह सिलसिला और अधिक तेजी से आगे बढ़ जाता है। यह हालत तो तब है जब आधे से अधिक राज्यों की माली हालत पतली है। शराब की दुकानों , पेट्रोल डीजल के टैक्स और जीएसटी में राज्य की हिस्सेदारी से ही उनके खर्चे चलते हैं। अधिकांश राज्यों की अस्सी फीसदी आमदनी तो केवल वेतन और पेंशन आदि बांटने में ही उड़ जाती है। बंगाल, पंजाब और आंध्र प्रदेश आकंठ कर्ज में डूबे हुए हैं और बिहार, झारखंड , ओडिशा, तेलंगाना और उत्तराखंड की भी माली हालत पतली है। हिमाचल प्रदेश के पास तो वेतन बांटने तक के भी पैसे नहीं हैं। क्या यह अजब नहीं कि ऐसे माहौल में भी गैर उत्पादक खर्च बढ़ाने की होड़ सी राजनीतिक दलों में लगी हुई है ?

यकीनन जनता सरकारों से अपने लिए सहूलियतें चाहती है । यह सहूलतें उसे मिलनी भी चाहिएं मगर सहूलियतों और भीख में कुछ तो अंतर होता होगा ? चलिए इन घोषणाओं को भीख न कह कर सहूलियत ही मान लेते हैं मगर इसके लिए पैसे कहां से आएंगे ? आधे अधूरे राज्य दिल्ली को ही देख लीजिए। इसका कुल बजट 78 हजार 800 करोड़ रुपए का है। लगभग 45 हजार करोड़ रुपया वेतन और पेंशन आदि में खर्च हो जाता है। सरकार किसी भी दल की बने मगर उसे अपने वादा पूरा करने को कम से कम 20 हजार करोड़ रुपया तो उसपर खर्च करना ही होगा। बाकी बचे थोड़े से पैसे से क्या दिल्ली की 1792 कच्ची कॉलोनियों का उद्धार, प्रदूषण नियंत्रण, यमुना की सफाई और अन्य विकास कार्य संपन्न हो जाएंगे ? क्या दिल्ली के चुनाव का सबसे बड़ा और असली मुद्दा यही नहीं है ? क्या पर बात नहीं होनी चाहिए ? मगर अजब स्थिति है कि इस पर चहुं ओर चुप्पी सी पसरी है।

# भारतीय समाचार पत्र दिवस 29 जनवरी 2025 -विलुप्त होती प्रिंट मीडिया को 1 फरवरी 2025 को पेश होने वाले बजट में पैकेज का बेसब्री से इंतजार



गोंदिया

**वेलकम इंडिया**

भारत आदि अनादि काल से हस्तलिखित व प्रिंट साहित्य का गढ़ रहा है। हम अगर भारत के इतिहास की गहराई में जाएं तो हमें रामायण, भागवत गीता सहित अनेक भाषाओं के अनेकों साहित्य ग्रंथ के रूप में अनमोल मोती मिलेंगे जो हमारी धरोहर है, हमारी सभ्यता, संस्कृति, संस्कार के प्रतीक हैं हम भारतीयों ने पीढ़ियों से इस साहित्य को संजोकर रखे हैं और आगे भी हम अगली पीढ़ियों के लिए संजोकर रखेंगे। आज अगर हम वर्तमान डिजिटल युग में हैं तो हमें इसका आधारभूत सहारा मिला है, अपने साहित्य को सुरक्षा से संरक्षित करने का, क्योंकि हस्तलिखित पौराणिक साहित्य की भी एक सीमा होती है और हो सकता था आगे के सैकड़ों हजारों सालों में यह विलुप्तता के कागार पर होता, परंतु डिजिटल क्रांति ने इसे अब सुरक्षित रखना संभव बना दिया है। अब हमें यकीन है हो चला है कि हमारा आदि अनादि काल का भारतीय साहित्य पूर्णत सुरक्षित रहेगा। परंतु इस डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया की विलुप्तता के रूप में हमें भारी कीमत चुकानी पड़ रही है, क्योंकि भारत की धरोहर कहे जाने वाली प्रिंट मीडिया अब विलुप्तता की कगार पर है क्योंकि करीब हर समाचार संस्थान आज वित्तीय क्राइसिस से जूझ रहा है परिणामतः अनेक मासिकपाशिक व साप्ताहिक समाचार पत्र बंद हो गए हैं, कई दैनिक समाचार पत्र भी बंद हो चुके हैं तो कई बंद होने की कगार पर है, इस विषय पर आर्टिकल लिखने को मैंने इसलिए चुना क्योंकि 29 जनवरी 2025 को भारतीय समाचार पत्र दिवस है, तो वहीं 1 फरवरी 2025 को भारत की वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी इसलिए इसे एक-दो दिन पहले प्रकाशित करना जरूरी है, ताकि इस आर्टिकल के माध्यम से मैं निवेदन माननीय वित्तमंत्री तक पहुंचे कि प्रिंट मीडिया के लिए कुछ आर्थिक पैकेज की घोषणा के लिए फंड का एलोकेशन किया जाए। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बजट 2025 से प्रिंट मीडिया को संजीवनी रूपी पैकेज का बेसब्री से इंतजार!

साथियों बात अगर हम 29 जनवरी 2025 को भारतीय समाचार पत्र दिवस की करें तो, हर साल हम देश के पहले मुद्रित समाचार पत्र के जन्म की याद में भारतीय समाचार पत्र दिवस मनाते हैं। यह अंग्रेजी साप्ताहिक हिकीज बंगाल गजट था, जिसे 29 जनवरी, 1780 को एक आयरिश व्यक्ति ने शुरू किया था। इस दिन का उद्देश्य समाचार पत्रों को बढ़ावा देना और लोगों को हर दिन समाचार पत्र उठाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। हिकी का बंगाल गजट ब्रिटिश शासन के दौरान समाचार और राय लाने के लिए जाना जाता था। इसने तत्कालीन गवर्नर जनरल वारेन हेस्टिंग्स के प्रशासन की कड़ी आलोचना की और यह भारत में अपनी पत्रकारिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई के लिए महत्वपूर्ण था। यह साप्ताहिक प्रकाशित समाचार पत्र आम आदमी को प्रशासन और सत्ता में बैठे लोगों के करीब लाने की दिशा में एक बड़ा कदम था।

साथियों बात अगर आम आनें वाले बजट 2025 की करें तो इसमें प्रिंट मीडिया के लिए कुछ शासकीय सहयोग की व्यवस्था का बजट करना अपेशित है, क्योंकि कोरोना काल से ही पत्रकारों, संस्थान से जुड़े कर्मचारियों को वित्तीय समस्या की भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है और शासन प्रशासन द्वारा मामूली राहत की घोषणा पत्रकारों के लिए की गई थी परंतु कोई इंसेंटिव या पैकेज नहीं दिया इसपर भी शासन से निवेदन है कि प्रिंट मीडिया कर्मचारियों के लिए बजट में एलोकेशन कर कोई राहत पैकेज और प्रिंट मीडिया संस्थानों को भी वित्तीय सहायता राहतकोष का निर्माण करना होगा, क्योंकि हम अगर प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र का बारीकी से विश्लेषण करेंगे तो हजारों मीडिया संस्थान जिसमें मासिक, साप्ताहिक और दैनिक समाचार पत्र शामिल है, बंद पड़े हैं! क्योंकि आज के डिजिटल युग में वह घाटे में चल रहे थे, विज्ञापन आना बंद हो गए हैं, आय का दूसरा कोई साधन, स्त्रोत नहीं है ऊपर से कर्मचारियों पत्रकारों, ऑपरेटरों का वेतन और ऑफिस किराया, बिजली बिल, नगर पालिका, महानगर पालिका कर सहित अनेकों करो का बोझ। लॉकडाउन से ही प्रिंट मीडिया की हालत और भी खराब हुई है जिसका शासन प्रशासन को गंभीरता से रेखांकित कर प्रिंट मीडिया को विलुप्तता से बचाने, किसी वित्तीय, राहत कोष बनाने का रणनीतिक रोडमैप बनाने की जरूरत है, जिसकी जरूरत अभी आने वाले 1 फरवरी 2025 को बजट में करने की अपेक्षा है जिसका निवेदन मैं इस आलेख के माध्यम से कर रहा हूं।

साथियों बात अगर हम प्रिंट मीडिया की करें तो इसको हमें मिलकर विलुप्तता से हमें बचाना है, क्योंकि आज हम सब जानते हैं कि प्रिंट मीडिया की वित्तीय हालत नाजुक बनी हुई है। मेरा मानना है कि कुछ ही संस्थान को छोड़कर अधिकतम प्रिंट मीडिया संस्थान वित्तीय समस्याओं से जूझ रहे हैं क्योंकि वर्तमान डिजिटल युग में हालांकि पीडीएफ फाइल के सहारे प्रिंट मीडिया का विस्तार, प्रसार बड़ा है परंतु उससे वित्तीय समस्याओं का समाधान नहीं निकलता है बल्कि बढ़ जाता है क्योंकि, आजकल करीब करीब सभी लोगों के पास डिजिटल मोबाइल है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# दिल्ली विधान सभा चुनावों में भाजपा को हिन्दुस्तान शिवसेना का समर्थन : राजा भईया

## बटेंगे तो घटेंगे के नारे के साथ, डबल इंजन भाजपा सरकार बनाने की अपील

वेलकम इंडिया

**दिल्ली।** दिल्ली के विधान सभा चुनावों में पारा चढ़ता जा रहा है आज भाजपा को एक बड़ी कामयाबी मिली है जिसके तहत दिल्ली विधान सभा चुनावों में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को जीताने की अपील के साथ आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंधी जीतू भईया ने संयुक्त रूप से भाजपा को समर्थन देने की घोषणा कर दी, पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुऐ दोनों नेताओं ने कहा कि बटेंगे तो घटेंगे और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश की तरक्की और सबका साथ सबका विकाश तथा हिंदुत्व को मजबूत करने की विचार धारा को देखते उन्हें अपनी पार्टी की ओर से दिल्ली के होने वाले दो हजार पच्चीस के आगमी विधान सभा चुनावों में भाजपा को अपनी पार्टी की ओर से समर्थन देने का फैसला किया है दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार बने और राज्य की तरक्की हो विकास हो तथा सबको न्याय और सम्मान के साथ साथ सभी मूल भूत सुविधाएं मिले इसके लिए डबल इंजन





की एक मजबूत सरकार का दिल्ली में होना अति आवश्यक है हिन्दुत्व के वोट आपस में ना बंटे और भ्रष्ट राजनीतिज्ञों को सत्ता से बाहर रखा जाए इसलिए उनकी नजर में सिर्फ भाजपा ही एक मात्र विकल्प है जो अलगाववादी, आतंकवादी तथा भ्रष्टाचारी ताकतों से इस दौर में लड़ सकती है जम्मू कश्मीर से धारा तीन सौ सत्तर हटाने, सी ए ए तथा समान नागरिक संहिता लागू कराने की हिम्मत किसी सरकार में नहीं थी परन्तु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे कर दिखाया ऐसे मजबूत और लोक भलाई का कार्य करने के लिऐ उनकी पार्टी ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया है इस बाबत उन्होंने पार्टी की ओर से समर्थन पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को ई मेल के माध्यम से भेजते हुए समर्थन की घोषणा जनसभा में की, इस मौके पर जनसभा में उपरोक्त नेताओं के अतिरिक्त हिन्दुस्तान शिवसेना के वरिष्ठ एवं मुख्य नेतागण सर्व श्री विक्रांत कपूर, जितेंद्र कांडा, सत्यनारायण मीना, रामजस साहू, बलवान सिंह, हरेंद्र राजपूत, नितिन कुमार, जयदेव चौधरी, रामप्रताप सिंह, अमित गुज्जर, आदि प्रमुख रूप से अपने अधीनस्थ पद अधिकारियों के साथ मौजूद थे और सभी ने एक मत से राजा भईया और जीतू भईया की ओर से पार्टी द्वारा भाजपा को दिए गए दिल्ली विधान सभा चुनावों में समर्थन को सही और उचित कदम बताया और सभी पार्टी कार्यकताओं को जी जान से दिल्ली के चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में उन्हें जिताने के लिऐ तन मन धन से जुटने का आह्वान किया।

# नागरिक सुरक्षा कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर जश्न मनाया गया



वेलकम इंडिया

नागरिक सुरक्षा कार्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर जश्न मनाया गया । सर्वप्रथम चीफ वार्डन सर ने नवनियुक्त उप नियंत्रक महोदय नीरज चक जी को बुके देकर सम्मानित किया इसके उपरांत कटघर डिवीजन वार्डन मोहम्मद खालिद सिविल लाइन डिवीजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता प्रभारी कोतवाली डिवीजन वार्डन अशोक कुमार गुप्ता जी ने उप नियंत्रक महोदय को बुके देकर सम्मानित किया इस अवसर पर उप नियंत्रक महोदय ने भारतीय संविधान की शपथ दिलाई ।उप नियंत्रक महोदय व चीफ वार्डन महोदय के द्वारा विगत 2023-2024 में सराहनीय कार्य करने वाले वार्डन्स को अपर जिलाधिकारी नगर के हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उपनियंत्रक व चीफ वार्डन ने नागरिक सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वार्डन्स को भविष्य मे और अधिक लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा 76 वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी । प्रभागीय वार्डन मोहम्मद खालिद , अशोक कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता व डिप्टी डिवीजन वार्डन विचित्र शर्मा जी ने भी उपनियंत्रक व चीफ वार्डन सर व समस्त वार्डन्स को गणतंत्र दिवस की बधाई दी । इस अवसर पर पूर्व डिवीजन वार्डन तनवीर बारी शम्सी पूर्व चीफ वार्डन के के रस्तोगी , वसीम अख्तर, राजेश गुप्ता,सिकंदर हुसैन,परवेज खा ,पूनम बंसल ,शबाना परवीन, शबीना परवीन ,अहमद हुसैन ,अमित भटनागर अब्दुल रहमान ,नीतू सक्सैना ,बबीता विश्नोई ,शकील अहमद खान आदि ने भी अपने विचार रखें तथा समस्त वार्डन्स को गणतंत्र दिवस की बधाई दी । इस कार्यक्रम का संचालन नागरिक सुरक्षा कोर के वरिष्ठ वार्डन सय्यद मौहम्मद हाशिम ने बड़ी कुशलतापूर्वक किया।अंत मे चमन शर्मा व तुषार अग्रवाल जी ने सभी अतिथियो को थन्यवाद दिया।

# नवनिर्मित भक्ति धाम का द्विदिवसीय उद्घाटन समारोह 30 जनवरी से

वेलकम इंडिया

**वृन्दावन।** रुक्मणि विहार, सैक्टर -1, डी 58 क्षेत्र में नवनिर्मित भक्ति धाम का द्विदिवसीय उद्घाटन समारोह 30 से 31 जनवरी 2025 पर्यन्त अत्यन्त हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि प्रमुख समाजसेवी संस्था भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)वृन्दावन/पटियाला द्वारा नवनिर्मित भक्ति धाम के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ 30 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे कलश स्थापना, वास्तु, नवग्रह एवं सर्वदेव पूजन के साथ होगा। सायं 07 बजे से रात्रि 09:30 बजे तक सत्संग हॉल-भक्ति धाम में सुमधुर भजन संध्या आयोजित होगी ।जिसमें प्रख्यात भजन गायक अश्वनी शर्मा (मथुरा) अपनी



सरस वाणी के द्वारा श्रीराधा-कृष्ण की महिमा से ओत-प्रोत भजनों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया जाएगा।

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि 31 जनवरी को प्रातः 08 बजे से 11 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हवन होगा ।तत्पश्चात 11:30 बजे से 12:30 बजे उद्घाटन समारोह आयोजित होगा ।जिसमें प्रमुख समाजसेवी करम चंद गोयल (पातड़ां फूड्स, पातड़ां) के कर कमलों द्वारा नवनिर्मित भक्ति धाम का उद्घाटन किया जाएगा ।तत्पश्चात संतों, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा (भंडारा) आदि के कार्यक्रम सम्पन्न होंगे।

उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पंकज कुमार बंसल, भाई सुरेंद्र बंसल, शम्मी बंसल (एम.डी. बी.ग्रुप,पंजाब) होंगे।

भक्ति धाम वैलफेयर एंड चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)वृन्दावन/पटियाला के अध्यक्ष कृष्ण लाल बंसल एवं उपाध्यक्ष नरेश गोयल ने कहा कि मानव सेवा और श्रीकृष्ण भक्ति ही हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है। इसीलिए ट्रस्ट के द्वारा श्रीधाम वृन्दावन में भक्ति धाम की स्थापना की गई है।

ट्रस्ट के सचिव संदीप सिंगला एवं सलाहकार डॉ. आर.के. गर्ग ने सभी से इस आयोजन में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष को मातृ शोक

**बागेश्वर।** भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण की माता 85 वर्षीय नंदी देवी का शनिवार को निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रही थी ।वही शनिवार को नगर निकाय की मतगणना चल रही थी तभी भाजपा जिलाध्यक्ष को उनकी माता का देहांत होने की सूचना मिली ।जिसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष की माता के निधन के चलते भाजपा के विजयी प्रत्याशियों ने विजयी जुलूस नहीं निकला ।जहां देर शाम सरयू-गोमती संगम तट पर भाजपा जिलाध्यक्ष की माता की अंत्येष्टि की गई ।वही उनके निधन पर भाजपाई नेताओं ने गहरा दुख जताया और मृत आत्मा की शांति की कामना की। उनके निधन पर विधायक पार्वती दास,कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट,पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल,जिपं प्रशासक बसंती देव, पूर्व जिपं अध्यक्ष विक्रम साही, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल,भाजपा जिला महामंत्री संजय परिहार,पूर्व पालिकाध्यक्ष सुबोध साह,समेत सभी पदाधिकारियों ने गहरा दुख जताया है।

# रिजर्व पुलिस लाइन में मनाया गणतन्त्र दिवस

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** रविवार को 76 वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने अपने कैम्प कार्यालय, अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं समस्त थाना / चौकी प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया । रिजर्व पुलिस लाइन जनपद संतकबीरनगर मे प्रातः 09.30 बजे रैतिक परेड का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि मंत्री उ0प्र0 सरकार डॉ0 संजय निषाद ने विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन प्रांगण मे ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय सलामी दी गयी तथा गुब्बारा छोड़ा गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के मंत्री व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रुप से परेड का निरीक्षण किया तथा पुलिस कर्मियों ने हर्ष फायरिंग किया । पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिए संविधान प्रस्तावना का संकल्प दिलाया गया ।

इसी क्रम मे ब्लूमिंग बड्स स्कूल, औद्योगिक के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, जयपुरिया स्कूल के बच्चों द्वारा सिंघम डांस, राज ग्लोबल एकेडमी के बच्चों द्वारा योगा एवं कल्चर डान्स(दिल में हिन्दुस्तान), सेण्ट थामस स्कूल, खलीलाबाद के बच्चों द्वारा इण्डो वेस्टर्न डान्स व अन्य स्थानीय विद्यालय/संस्थानों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का



आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने भक्ति गीत व देशभक्ति से ओतप्रोत गानों पर शानदार प्रस्तुति दी जिसके उपरान्त बच्चों को मुख्य अतिथि महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संयुक्त रुप से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने गणतन्त्र दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों के पत्नियों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

मुख्य अतिथि ने जनपद के सर्विलांस सेल में कार्यरत पुलिस कर्मी का0 ज्ञान प्रकाश सिंह को उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदत्त प्रशंसा चिन्ह(रजत) व प्रशस्ति पत्र तथा महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवाएं लखनऊ द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को अग्निशमन तथा आपात सेवा संतकबीरनगर में नियुक्त एफएसओ श्री अशोक कुमार यादव, फायर सर्विस चालक श्री प्रभुनाथ यादव, फायरमैन श्री ओमप्रकाश यादव को देकर सम्मानित किया गया ।

मुख्य अतिथि ने प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध थाना दुधारा राकेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा रामकृष्ण मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रामकृपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सरोज शर्मा, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना आलोक सोनी, गोपनीय सहायक श्री अविनाश प्रताप सिंह, उ0नि0 हरेश तिवारी, पीआरओ पुलिस अधीक्षक इन्द्रभूषण सिंह, थानाध्यक्ष महुली श्याम मोहन, थानाध्यक्ष बखिरा लालबिहारी निषाद, थानाध्यक्ष बेलहरकला नन्दू गौतम, मु0आ0 परिवहन रणविजय बहादुर सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद/परेड कमाण्डर अजीत चौहान, क्षेत्राधिकारी मेहदावल केशवनाथ, क्षेत्राधिकारी धनघटा अजय सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा, आशुलिपिक एसपी अविनाश कुमार सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक इन्द्रभूषण सिंह सहित समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष एवं जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे ।

# द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में मनाया गया गणतंत्र दिवस

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** रविवार को द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा बड़े ही धूम धाम से व हर्षो उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाला। इससे पूर्व प्रबंध निदेशक हाजी वसी अहमद खान ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ। संविधान हमारे देश की आत्मा है। इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य हीरालाल, एहतेशाम अहमद खान, किशन वधवानी, सूरज कुमार, शब्बीर अहमद, अमन वसी, देवव्रत पटेल, शाहीन खान, शाइस्ता प्रवीन, रुशदा खातून आदि मौजूद रहे।



# सनाबिल गर्ल्स इंटर कॉलेज मूड़ाडीहा बेग में मनाया गणतंत्र दिवस



**संतकबीरनगर।** रविवार को सनाबिल गर्ल्स इंटर कॉलेज रसूलपुर मूड़ाडीहा बेग में गणतंत्र दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा बड़े ही धूम धाम से व हर्षो उल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। छात्राओं को सविधान की शपथ दिलाई गई देश के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखे व अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। इस अवसर पर प्रबंधक मोहम्मद आसिम ने कार्यक्रम पेश कर रही छात्राओं का हौसला अफजाई किया। छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि संस्थापक हाजी मोहम्मद सलीम ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सह -प्रबंधक हाफिज मोहम्मद कासिम,मौलाना अनस नदवी, मौलाना मुजीबुर्रहमान कासमी, मौलाना ओबैदुल्लाह कासमी, सहा- अध्यापक अफजलूद्दीन मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** रविवार को थाना दुधारा क्षेत्र में गणतंत्र दिवस की 76 वी वर्षगांठ हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दुधारा थाना क्षेत्र में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां में अधीक्षक डा. सुरेश चन्द्रा, अलीमिया मेमोरियल पब्लिक स्कूल बन्नी कोइलसा में प्रबंधक हाजी मुहम्मद हुसेन, अल हिदायह पब्लिक स्कूल सेमरियावा में प्रबंधक मौलाना निसार अहमद, अल हिदायह पब्लिक स्कूल करही में प्रधानाचार्य तौफीक अहमद, अहमद शिक्षण संस्थान छाता में प्रबंधक मुहम्मद साकिब, हजरते फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज सालेहपुर में प्रबंधक मौलाना सय्यद मुहम्मद निजाम अशरफ, सनाबिल गर्ल्स इंटर कॉलेज रसूलपुर मूड़ाडीहाबेग में प्रबंधक हाजी मुहम्मद सलीम,



एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में प्रधानाचार्य मुनीर आलम खान, द शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा में प्रबंध निदेशक हाजी वसी अहमद खान, अवध गर्ल्स इंटर कॉलेज कड़जा के प्रधानाचार्य जमाल अहमद, जूनियर हाईस्कूल करमाखान में प्रधान प्रतिनिधि मुहम्मद हनीफ खान, लोहरौली ठकुराई पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा, दुधारा पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान अब्दुल कलाम, जातेडीहा दुबौलिया पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान नसीमुद्दीन, कोहरियावा पंचायत भवन पर प्रधान रहमतुल्लाह, तिलजा पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान मुहम्मद इनामुल्लाह कुरैशी, चंगेरा मंगेरा पंचायत भवन पर प्रधान प्रतिनिधि शेषनाथ यादव ने झंडारोहण कर आजादी और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस दौरान विद्यार्थियों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।







# टाण्डा में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।नगर पालिका कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।तत्पश्चात पालिकाध्यक्ष ने सभासदों एवं पालिका कर्मियों सहित सभी उपस्थितजनों को देश की एकता, अखंडता बनाए रखने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ दिलाई।उन्होंने नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए चालू वर्ष में बड़े पैमाने पर नगर में विकास कार्य कराने का संकल्प लिया।ईओ पुनीत कुमार ने भारत के संविधान और लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डालने के साथ ही नगर के विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करने पर बल दिया।सभासद एम सगीर ने नगर पालिका बोर्ड के गठन के बाद अपेक्षाकृत विकास कार्य न होने का शिकवा करते हुए चालू वर्ष में प्रतिबद्धता के साथ चहुँमुखी विकास कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाने पर जोर दिया।

पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम ने कहा कि वर्तमान वर्ष में पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।इस अवसर पर सभासद महमूद अली नायक, नेता तस्लीम अहमद, तस्लीम पहलवान, मोहम्मद शफीक, नेता अफसर अली, रईस उर्फ भूरा सहित वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी व लेखा लिपिक शुभम भारती आदि मौजूद रहे।

तहसील में उपजिलाधिकारी कुमार गौरव ने तिरंगा फहराया।इस अवसर पर तहसीलदार शिव कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार अमित कुमार और अंकुर अत्तल आदि मौजूद रहे।सनराइज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मुनव्वर अली दानिश ने ध्वजारोहण किया और छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक सरताज जहां रहमानी सहित मास्टर इकराम, मास्टर लुकमान निहाद रहमानी और उवैस इकराम आदि मौजूद रहे।इसके अलावा नगर के तमाम मदरसों में भी पूरी शान के साथ तिरंगा फहराया गया और तलबा ने शानदार सिकाफती प्रोग्राम पेश किए। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने ध्वजारोहण किया।व्यापार मंडल के कार्यालय पर नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद शकील ने ध्वजारोहण किया।

इस मैके पर हाजी मुशर्रफ अली, अब्दुल समद, सलीम कसगर, अमजद सैफी ,हाजी अब्दुल रशीद, अब्दुल वहाब और नाजिम अली खां आदि मौजूद रहे।प्राथमिक विद्यालय हजरतनगर में प्रधानाध्यापक सईद रहमानी ने ध्वजारोहण किया।बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।नगर के मोहल्ला नज्जुपुरा स्थित हेलो किड्स प्ले स्कूल में प्रिंसिपल आसिफा ने तिरंगा फहराया और नन्हे मुन्ने बच्चों ने शानदार कार्यक्रम पेश किए।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा संगठन के पदाधिकारियों ने हापुड़ के प्रशासनिक अधिकारियों से की मुलाकात

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़।** जनपद के अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के पदाधिकारीगण आज जिला हापुड़ के अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, और एस पी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह से मिले। संगठन के पदाधिकारियों को कार्यकताओं द्वारा दो मामलों की सूचना दी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने अपने स्तर पर दोनो मामलो की सत्यता जांची और मामलो की तह तक पहुंचे। मामलो की पूरी जानकारी, विश्वसनीयता पाने के बाद पदाधिकारियों ने इन मामलों, विवादों को हापुड़ जिले के उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को विवादों से संबंधित अपने स्तर पर जुटाई गई सूचना व अन्य जानकारियां दोनो मामलो की, दो उच्च प्रशासनिक अधिकारियों को पहुचाई और जांच कर उचित कठोर कार्यवाही करने आग्रह किया।

उक्त दोनों मामलो में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार और एस पी कुंवर ज्ञानेंजय ने अपने अधीनस्थ अधिकारियो को जांच कर तुरंत कार्यवाही करने के आदेश जारी किए। और संगठन के पदाधिकारियों को जल्दी जांच कर कठोर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। अभी पुलिसिया जांच जारी है इसलिए पूरा विवरण नही दिया गया है।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन द्वारा इस मुलाकात में पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंडित बिजेंद्र शर्मा, पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष मुरादाबाद मंडल पंडित दिनेश शर्मा, सचिव पश्चिमी उत्तर प्रदेश पंडित अनुज शर्मा ढाना, जिलाध्यक्ष हापुड़ पंडित वेद प्रकाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हापुड़ महिला प्रकोष्ठ कुमुद पराशर, जिला सचिव भगवान शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संजय शास्त्री, विधानसभा उपाध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर लख्मीचंद शर्मा, जिला संरक्षक मुकेश शर्मा, जिला संयोजक हापुड़ पंडित प्रदीप शर्मा पंडित धर्मपाल शर्मा, जिला महामंत्री मनोहर लाल शर्मा, अशोक तिवारी, नगर अध्यक्ष हापुड़ पंडित आकाश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष हापुड़ पंडित विनोद शर्मा, नगर अध्यक्ष हापुड़ महिला प्रकोष्ठ ओमवती शर्मा, रेनू शर्मा, पंडित योगेंद्र शर्मा भदस्याना, पंडित प्रिंस शर्मा हरनाथपुर कोटा, उपेन्द्र सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## नो हेलमेट नो फ्यूल शासन आदेश का पालन करें पेट्रोल पंप स्वामी: जिलाधिकारी



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर जारी किए गए दिशा निर्देश के संबंध शासन के द्वारा सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कि उत्तर प्रदेश 26 जनवरी के बाद नो हेलमेट नो फ्यूल अध्यादेश को लागू किया जाए। शासन आदेश अनुपालन में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने जनपद में स्थित सभी पेट्रोल पंप स्वामियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिसमें नो हेलमेट नो फ्यूल अध्यादेशों का पालन करने के साथ किसी भी वाहन स्वामी को बगैर हेलमेट के पेट्रोल बिक्री न किया जाए। और साथ ही पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरा को लगातार सुचारु रखा जाए। अन्यथा आदेशों का उल्लंघन करने वाले पेट्रोल पंप स्वामी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय पर तिरंगा झंडा ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस




**हापुड़।** ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय पर कार्यकताओं के द्वारा तिरंगा झंडा ध्वजारोहण कर धूमधाम से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस। आपको बता दें कि ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा के नेतृत्व में गंगा धर्म कांटा स्याना रोड पर स्थित प्रदेश कार्यालय पर ऑल इंडिया हिंदुस्तान कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर 76वे गणतंत्र दिवस पर तिरंगा झंडा ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया। वही इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कार्यकताओं पीड़ित दलित मजदूर मजलूम दबे कुचलें लोगो की लड़ाई लड़ने के साथ देशभक्ति से जुड़े इस महापर्व का वर्णन करते हुए देश के प्रति समर्पित रहने का संकल्प दिलाया। और मिठाई वितरण कर गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## सलेमपुर थाना पुलिस ने चोरी की घटना कारित करने वाला एक शातिर चोर किया गिरफ्तार

**शिकारपुर।** वादी सुमित कुमार ने थाना सलेमपुर पर तहरीर दी कि वह मैसर्स कलपतरु प्रोजेक्टस इन्टरनेशनल लिमिटेड में एडमिन मैनेजर के पद पर कार्यरत है। जो कि जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी बनाने का कार्य कर रही है। दिनांक 10.01.2025 को ग्राम जटपुरा में स्थित स्टोर से अज्ञात चोरों ने स्टोर की दीवार को काटकर उसमें रखा सामान चोरी कर लिया है। इस सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर बीएनएस बनाम अज्ञात मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उक्त के क्रम में जांच/छानबीन में प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## श्रीमद्भागवत कथा में स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने श्रवण कराई भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी विवाह की कथा

**वृन्दावन।** मथुरा रोड़ स्थित द्वारिका कुंज (मिजार्पुर वाली धर्मशाला) में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन व्यासपीठ से प्रख्यात संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं को महारास लीला, मथुरा गमन, कुब्जा पर कृपा, कंस वध, वसुदेव-देवकी की कारावास से मुक्ति, उद्धव-गोपी संवाद और श्रीकृष्ण-रूक्मणी विवाह आदि प्रसंगों की कथा का रसास्वादन कराया।

व्यास पीठाधीन स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने रूक्मणी मंगल की कथा सुनाते हुए कहा कि जो भगवत प्रेमी भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनका वैवाहिक सदैव ही खुशहाल और आनंदमय बना रहता है।साथ ही उनके वैवाहिक जीवन में आने वाली समस्याएं भी समाप्त हो जाती हैं। श्रद्धेय स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज ने महारास लीला का प्रसंग श्रवण कराते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी भक्त ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वो भव पार हो जाता है

# पुलिस द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**वेलकम इंडिया**

- उत्कृष्ट कार्य करने पर बरिष्ठ निरीक्षक बगरेठा सहित एसओजी प्रभारी हुए सम्मानित
- महिला हेल्प लाइन प्रभारी को उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला25 हजार का इनाम



**बागेश्वर।** 76 वें गणतंत्र दिवस पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके द्वारा पुलिस लाईन प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया तथा उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई।साथ ही सभी अधिकारी/कर्मचारियों को भारतीय गणतंत्र का संकल्प की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक घोड़के द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस से विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, उत्कृष्ट सेवा के लिए राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह आदि के लिए चयनित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के नाम पढ़कर सुनाये गये।जिसमें बागेश्वर के वरिष्ठ निरीक्षक त्रिलोक राम बगरेठा,को केंद्रीय गृह मंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक, निरीक्षक सलाउद्दीन,व अपर उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद टम्टा को केंद्रीय गृह मंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक पहनाकर अलंकृत किया गया।इसके अतिरक्त अग्निशमन शाखा में नियुक्त लीडिंग फायरमैन दिनेश चन्द्र पाठक को अग्निशमन सराहनीय सेवा पदक देहरादून में पदक प्रदान किया गया है।साथ ही जनपद के समस्त थाना/चौकी/अग्निशमन केन्द्र/शाखा प्रभारियों द्वारा भी अपने-अपने थाना/शाखाओं में ध्वजारोहण कर संकल्प लिया गया।

पुलिस लाईन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य रैतिक परेड का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशीष भटगांई द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई व इसके उपरान्त रैतिक परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में प्रथम स्थान प्राप्त महिला होमगार्ड टोली के कमांडर उपनिरीक्षक गोल्डी घुघत्याल को पुरस्कृत किया एवं द्वितीय स्थान पर पुरुष पीआरडी जवानो की टोली के कमांडर हेड कांस्टेबल हरीश कुमार को पुरस्कृत किया गया। तृतीय पुरस्कार एनसीसी टोली की कमांडर अन्डर आफिसर मानसी को दिया गया।डीएम और एसपी द्वारा उत्कृष्ट विवेचना के लिए महिला उपनिरीक्षक और महिला हेल्पलाइन और एएचटीयू प्रभारी मीना रावत को बेहतर कार्यशैली और दिए गए कार्यो का उत्कृष्ट तरीके से सम्पादित करने के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा पुरस्कार के रुप में मिले 25000 रुपये का चैक मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान रैतिक परेड का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल शाह द्वारा किया गया तथा परेड के द्वितीय कमांडर अपर उपनिरीक्षक आनन्द बल्लभ एवं तृतीय कमाण्डर अपर उनि. राजेन्द्र प्रसाद रहे। परेड में पहली टोली नागरिक पुलिस (पुरुष) का नेतृत्व अपरउनि. भरत गुसांई, दूसरी टोली नागरिक पुलिस (महिला) का नेतृत्व मउनि. निर्मला पटवाल, तृतीय टोली नागरिक पुलिस (पुरुष) का नेतृत्व उनि.उमेष सिंह रजवार, चौथी टोली महिला होमगार्ड को नेतृत्व उनि.गोल्डी घुघत्याल , पाचवी टोली पीआरडी(पुरुष) का नेतृत्व हेका. हरीश कुमार, छठवी टोली एनसीसी का नेतृत्व कैडेट मानसी व सातवी टोली चीता मोबाइल कोतवाली पुलिससुरेश कुमार के नेतृत्व में , आठवी टोली ?तातायात पुलिस वाहन , नौवी टोली एसडीआरएफ राहत बचाव वाहन , दसवी टोली अग्निशमन वाहन ,ग्यारवी टोली पुलिस दुरसंचार, बारवी व अंतिम टोली स्टेडियम के बच्चों द्वारा 38वे राष्ट्रीय खेलो की झांकी में अपनी-अपनी टोली/दस्ते का नेतृत्व किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह के मंच का संचालन आरक्षी सूरज ग्वासाकोटी व महिला आरक्षी प्रियंका द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी एनएस नबियाल, सीएमओ डॉ. कुमार आदित्य तिवारी, गणमान्य/वरिष्ठ नागरिक दिलीप सिंह खेतवाल, नरेंद्र सिंह खेतवाल, हरीश सोनी, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा, रमेश पर्वतीय, इंद्र सिंह परिहार सहित भूतपूर्व सैनिक संगठन के सदस्य, पत्रकार बंधु व जनपद पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी व उनके परिवारजन, स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा के विकास शर्मा बने हापुड़ के युवा जिलाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** जनपद के थाना कपुरपुर क्षेत्र में अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन की बैठक गांव सिरोधन, थाना कपूरपुर निकट गुलावठी जिला हापुड़ में आयोजित की गई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने की। कार्यक्रम का आयोजन पंडित मुकेश शर्मा जी के आवास पर किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पंडित ओम प्रकाश शर्मा, संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्वलित कर की गई। बैठक में ब्राह्मण उत्थान विषय सभी के द्वारा विचार प्रकट किए गए। अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी की सहमति पर, संगठन के अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश पंडित बिजेंद्र शर्मा ने बैठक में पंडित विकास शर्मा को अखिल भारतीय ब्राह्मण महा सभा रा में युवा जिलाध्यक्ष हापुड़ घोषित किया। और संगठन का युवा जिलाध्यक्ष हापुड़ का मनोनीत पत्र देकर पंडित विकास शर्मा के युवा जिलाध्यक्ष हापुड़ बनने पर बैठक में उपस्थित सभी कार्यकताओं और पंडित विकास शर्मा के समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ गई।

इस पर पंडित विकास शर्मा ने संगठन के पदाधिकारियो को युवा जिलाध्यक्ष हापुड़ बनाने पर आभार व्यक्त किया और कहा कि मैं संगठन की नीतियों के अनुरूप चलते हुए संगठन में हापुड़ जिले में युवा पीढ़ी युवा शक्ति को जोडने का कार्य करूंगा। और संगठन की बेहतरी मजबूती के लिए सभी का सहयोग करूंगा।

इस बैठक में पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष मुरादाबाद मंडल पंडित दिनेश शर्मा, परशुराम सेना के पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष पंडित जुगल किशोर शर्मा, जिलाध्यक्ष हापुड़ अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहनी शर्मा,जिला सचिव भगवान शर्मा,जिला उपाध्यक्ष संजय शास्त्री, विधानसभा उपाध्यक्ष गढ़मुक्तेश्वर लख्मीचंद शर्मा, जिला संरक्षक मुकेश शर्मा, पंडित धर्मपाल शर्मा, जिला महामंत्री मनोहर लाल शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी हापुड़ हरेंद्र शर्मा,मुकेश शर्मा, अनिल शर्मा, सुशील शर्मा, पवन शर्मा,अशोक तिवारी जी, नगर अध्यक्ष हापुड़ पंडित आकाश शर्मा, पंडित योगेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया**





**हापुड़।** जनपद में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने निर्धारित समय 8:30 पर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ध्वजारोहण स्थल पर तिरंगा फहराया तथा संविधान की प्रस्तावना को दोहराया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बच्चियों एवं एनसीसी के छात्रझ छात्राओं को मिष्ठान तथा ट्रैकसूट का वितरण किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए एटीएम का भी फीता काट कर उद्घाटन किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के दौरान उन्होने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर हमें स्वतंत्रता सेनानियों तथा स्वतंत्रता दिलाने में बलिदान महान पुरुषों को याद करने का समय है।

उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।अपर जिला अधिकारी वि0/रा0 संदीप कुमार ने कहा गणतंत्र पर्व मनाने का उद्देश्य लोकतांत्रिक व्यवस्था उपलब्ध कराने वाले महान पुरुषों के योगदान को याद करना है उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक पालन करके देश में योगदान देना चाहिए। कलेक्ट्रेट सभागार में कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से प्रेरित गीत प्रस्तुत किया।इसी क्रम में विकास भवन के प्रांगण में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम द्वारा भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास भवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, डिप्टी कलेक्टर इला प्रकाश, उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# साहब सरयू-गोमती संगम तट पर पर्याप्त विद्युत व्यवस्था के लिए कब लगेगी हाई मास्क लाइटें

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय स्थित सरयू-गोमती नदी के संगम तट पर रात्रि पथ प्रदर्शक की उचित व्यवस्था नही होने से रात्रि के समय शवदाह के लिए आने वाले शवयात्रियों को अंधेरे की वजह से काफी परेशानी होती है। बागेश्वर जिले सहित अल्मोड़ा जिले से आने वाले शव यात्रियों को रात्रि के समय शवदाह के समय शमशान घाट में संगम तट पर उचित विद्युत व्यवस्था नही होने से अंधेरे में ही शवदाह करना पड़ता है।संगम तट पर शवदाह स्थल पर कभी कभार शीशे, नुकीले कील होने से कई बार कील और कांच के टुकड़े से कई लोग घायल हो जा रहे हैं।वही गत दिवस भाजपा जिलाध्यक्ष की माता का देहावसान के बाद शवदाह के लिए आए भाजपा नेताओं, विधायक, दर्जा राज्य मंत्री और नवागत पालिकाध्यक्ष को भी सरयू संगम तट पर स्थित श्मशान घाट में अंधेरा दिखा।जिसके बाद शवदाह हेतु आए सभी लोगों ने अंधेरा होने और समीप ही सड़क किनारे जगह जगह स्ट्रीट लाइटों को देखकर रात्रि में शवदाह हेतु आने वाले शव यात्रियों को पर्याप्त विद्युत व्यवस्था हेतु आसपास हाई मास्क लाइट लगाए जाने की चर्चा की।और शमशान घाट में अंधेरा और नुमाईशखेत मैदान से विकास भवन जिलाधिकारी कार्यालय की सड़क में अत्यधिक स्ट्रीट लाइट देखकर नगर में कई गलियों सार्वजनिक स्थानों पर विद्युत व्यवस्था नही होने पर सवालिया निशान उठाए।और इसे केवल बजट की बबार्दी और सरकारी रसूख के तहत केवल सरकारी धन की बबार्दी बताया।उन्होंने आपस मे चर्चा कर पवित्र संगम तट पर स्थित शवदाह हेतु आने वाले लोगों की सुविधा की अनदेखी करने के आरोप लगाए।वही कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने भी संगम तट पर अंधेरा देख जल्द संगम तट के समीप पर्याप्त विजली व्यवस्था हेतु संगम तट के दोनों किनारों पर हाई मास्क लाइट लगाने के लिए जिलाधिकारी और पालिका से वार्ता करने की बात कही है।

# डिप्टी रजिस्टर के नोटिस को दरकिनार कर हुई गुलमोहर आरडब्लूए की जनरल बोर्ड बैठक में जमकर हुआ हंगामा

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** डिप्टी रजिस्ट्रार के नोटिस के बावजूद गणतंत्र दिवस के अवसर पर बुलाई गई गुलमोहर आरडब्लूए की जनरल बोर्ड बैठक हंगामेदार रही। आरडब्लूए की कार्यशैली से नाराज निवासियों ने बैठक में जमकर हंगामा काटा और आरडब्लूए का इस्तीफा मांग लिया। इसके अलावा सोसायटी के संभ्रांत लोगों पर उल-जुलूल आरोप लगाने वाले सब्जी के ठेले वाले को सोसायटी से हटाने की मांग भी की गई। इस हंगामे से बौखलाए आरडब्लूए अध्यक्ष ने इस्तीफे की घोषणा तक कर डाली जिससे इस्तीफा मांग रहे लोगों की मांग को और बल मिल गया।

बता दें कि आरडब्लूए चुनाव की जांच जारी होने के बावजूद आरडब्लूए ने गणतंत्र दिवस पर सोसायटी की जीवीएम बुलाई। ध्वज फहराने के बाद आयोजित बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा सोसायटी में अवैध रूप से धन उगाही कर अवैध रूप से लगवाए सब्जी के ठेले का उठाया गया। सब्जी का ठेला लगाने वाले व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ समय से सोसायटी के कुछ लोगों पर रंगदारी और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया था। यहां तक कि सोसायटी में अकेले रहकर अपने दो बच्चों का पालन पोषण कर रही एक महिला रश्मि चौधरी तक को इस सब्जी विक्रेता ने नहीं बख्शा और उन पर भी मारपीट और रंगदारी के भद्दे आरोप लगाए थे। पीड़ित महिला रश्मि चौधरी ने जीवीएम में इस मुद्दे को उठाते हुए बताया कि किसी भी सोसायटी में इस प्रकार अवैध ठेले नहीं लगाए जा सकते क्योंकि बिल्डर अलग से एक मार्किट व्यवसायिक गतिविधियों के लिए बनाकर देते हैं। इसके साथ ही सोसायटी में लगाई जाने वाली नई लिफ्टों के पैसे नो ब्रोकर एप्लीकेशन पर जबरदस्ती निवासियों के अकाउंट में डालने, जनरेटर की सर्विस के भारी भरकम बिल, पार्क में अवैध किचन का निर्माण, छत पर अवैध कमरा, सोसायटी के लोगों से वसूली गई राशि से मंदिर के पास बने हुए कमरों को होटल की तरह किराए पर उठाने का विरोध किया गया। इसके अलावा सोसायटी की जमीन पर बने मन्दिर की जमीन पर अध्यक्ष द्वारा अवैध रूप से ट्रस्ट बनाने का भी विरोध किया गया। इन सभी आरोपों के साथ सोसायटी के लोगों ने आरडब्लूए का घेराव किया। चारों तरफ से खुद को घिरा महसूस होने पर आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने डीएम के यहां सभी 10 पदाधिकारियों के इस्तीफे देने की बात कह दी।

# वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** आज गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर चौपला दिल्ली व्यापार मंडल द्वारा ध्वजारोहण एवं व्यापारियों के सम्मान का कार्यक्रम रखा गया जिसमें सभी चारों गेट के व्यापार मंडल एवं व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें विनय सिंघल (प्रधान) मयंक गर्ग (महामंत्री) आलोक गोयल (कोषाध्यक्ष) बृजेश वर्मा (स्वर्णकार प्रधान) राजीव गोयल (संरक्षक) राकेश मित्तल (वरिष्ठ संरक्षक) अंकित गर्ग (मीडिया प्रभारी) तरुण गोयल (मंत्री) सोनू कंसल (संरक्षक) रोहन शर्मा, विक्रांत सैनी लाला सुंदर, प्रवेश मित्तल, सुमित सिंघल, डॉ राजीव गोयल, डॉ आलोक मित्तल, डॉ वंदना मित्तल, अशोक गोयल उस्ताद, गगन, दीपक, आदि व्यापारी मौजूद रहे

## सेवा भारती वैशाली महानगर ने किया एक चित्र राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद (सुमित सोरेन)** गाजियाबाद के कौशांबी सेंट्रल पार्क में सेवा भारती वैशाली महानगर सहमंत्री वरुण शर्मा और समाजसेवी डॉ आचार्य कृति शर्मा द्वारा एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 170 से ज्यादा प्रतिभागियों ने तीन श्रेणियों में भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व महापौर आशु वर्मा, भाजपा के पश्चिमी क्षेत्र के उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, वैशाली महानगर के महानगर संघचाललक माखन लाल शर्मा, निरवर्तमान मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, राजन आर्य, सेवा भारती के महानगर सहमंत्री वरुण शर्मा, उपाध्यक्ष रुकमकेश, सुरिंदर गोयल और डॉ आचार्या कृति शर्मा, सुनीता परवाल, संगीता श्रीवास्तव, अशोक परवाल, मंजु यादव सहित समाज की और से अनेको बंधु मौजूद रहे। आशु वर्मा और मानसिंह गोस्वामी ने कौशांबी के वरिष्ठ समाजसेवियो को सम्मानित किया, विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किये और वरुण शर्मा, डॉ आचार्या कृति शर्मा और आयोजक समिति को इस बेहतरीन कार्यक्रम के लिए कोटि कोटि शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिविल डिफेंस ने आयोजित किए कई कार्यक्रम

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सिविल डिफेंस की ओर से 24 जनवरी से 26 जनवरी तक उपनियंत्रक रविंद्र प्रताप एवं सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के मार्गनिर्देशन में प्रतिदिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा विभाग गाजियाबाद द्वारा आयोजित रैली को सफल बनाने में नागरिक सुरक्षा कोर गाजियाबाद की महिला विंग द्वारा अभूतपूर्व सहयोग प्रदान कर रैली को सफल बनाने में सहयोग किया गया। जिसकी प्रभारी स्टाफ अधिकारी श्रीमती संध्या त्यागी व सह प्रभारी श्रीमती ज्योति गुप्ता पोस्ट वार्डन आरक्षित टाउन हॉल प्रखंड रहीं। रैली में विशेषकर पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल, पूनम शर्मा, मोनिका, श्रीमती कावेरी माईती, हेमा शिवपुरी, पुष्प लता, हरजीत कौर, एवं अन्य कर्मठ महिला वार्डनों के साथ ही हर्ष वर्मा प्रभारी डिविजनल वार्डन आरक्षित प्रभारी डिप्टी डिवीजन वार्डन कोतवाली रवि अग्रवाल, मुकेश शर्मा स्टाफ ऑफिसर फायर प्रखंड टाउन हॉल के अलावा काफी संख्या में महिला वार्डनों द्वारा रैली में प्रतिभाग कर रैली को सफल बनाया। रैली के पश्चात उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय हिंदी भवन में आयोजित प्रदर्शनी में नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा दो स्टाल लगाए गए जिसमें देश के क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों की चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी के सूक्ष्म जीवन परिचय को भी दशार्या गया। इसके अतिरिक्त नागरिक सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें विभिन्न आपदाओं से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करने संबंधी उपकरणों का प्रदर्शन आम जनमानस के समक्ष किया गया। प्रदर्शनी में विगत 6 माह में नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा किए गए कार्यों की चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से झलकियां प्रस्तुत की गईं। इस कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह, चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद ललित जायसवाल, राजेंद्र शर्मा डिवीजनल वार्डन टाउन हॉल एवं कार्यक्रम प्रभारी एवं नवनीत कुमार डिप्टी डिवीजनल वार्डन टाउन हॉल एवं सह प्रभारी दीपक अग्रवाल प्रभारी आईसीओ, स्टाफ अधिकारी राजकुमार तोमर, कलेक्ट्रेट प्रभाग, सुनील गर्ग, मुकेश शर्मा, रेखा अग्रवाल, संजय शर्मा, नितिन गौतम, अंकित त्यागी, पल्लवी शर्मा, प्रशांत पाल, राजन गुप्ता, आदि वार्डनों ने सहयोग प्रदान किया।

## गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में विशेष रैली और भव्य समारोह का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में केन मोदी फाउंडेशन द्वारा विशेष रैली और भव्य समारोह का आयोजन किया गया। रविवार की सुबह 8:00 से डॉ के एन मोदी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी से भव्य रैली निकाली गई। इस रैली में डॉ के एन मोदी सभी के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं तिरंगे झंडे एवम देशभक्ति के नारो के साथ सहभागिता की इस रैली ने आसपास के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए लोगों एकता और और राष्ट्रीय गर्व का सकारात्मक संदेश दिया। झंडा फहराया गया इस रैली में डॉक्टर के न मोदी फाउंडेशन के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाए मौजूद रहे इस रैली द्वारा लोगों में देशभक्ति का संदेश दिया गया।

## एसआरएम इंस्टीट्यूट 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 76 वां गणतंत्र दिवस का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शानदार शोभायात्रा के साथ हुई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराया गया और उपस्थित सभी लोगों ने ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रगान की गूंज ने पूरे माहौल को देशभक्ति की भावना से भर दिया। मुख्य अतिथि कर्नल रजत दुबे (कमांडिंग ऑफिसर, मेरठ कैंटोनमेंट) का सम्मान किया गया, जिन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।₹युवा सशक्तिकरण, राष्ट्र सशक्तिकरण₹ विषय पर डॉ. नवीन अहलावत (डीन-एसएंडएच) ने युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि युवा अपनी ऊर्जा और कौशल को सही दिशा में लगाएं, तो देश अद्वितीय ऊंचाइयों को छू सकता है। डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन) ने ₹युवा भारत की शक्ति का अनावरण₹ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. एस. विश्वनाथन (डायरेक्टर) ने ₹लोकतंत्र और स्वतंत्रता की भावना का उत्सव₹ विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## मोदी कॉलेज में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में 76 वॉ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह के सत्र में प्रभात फेरी का आयोजन किया जो विद्यालय से चलकर बस स्टैंड, भगवान गंज मंडी, रेलवे रोड, मोदी मंदिर, तरंग रोड, गुरुद्वारा रोड, आनन्दीपूरा, आदर्श नगर से होती हुई विद्यालय पर संपन्न हुई। इसके उपरान्त विद्यालय मे राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी ने तिरंगे को सलामी दी। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने सभी छात्रों एवं एन सी सी कैडिट, स्काउटस एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी तथा सभी को अपने कर्तव्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने शिक्षा मंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया तथा सभी से अपने राष्ट्र को एक मजबूत और स्वावलंबी राष्ट्र बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। वरिष्ठ प्रवक्ता टी पी सिंह ने संविधान के निर्माण में डॉ भीमराव अम्बेडकर के योगदान के बारे में विस्तार से बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतु एवं डा पूनम वशिष्ठ ने संयुक्त रूप से किया।

## नींव द स्कूल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** 'नींव द स्कूल' मे गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गयाे इस कार्यक्रम के आरंभ मे संस्थापक राम किशोर अग्रवाल, चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता, प्रबंधक अमित अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अरविंद अग्रवाल, अरविंद जिंदल, आर सी गुप्ता, प्रमोद कंसल, डायरेक्टर जनरल डॉक्टर अपर्णा शर्मा एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती रोमी शर्मा द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीपक जलाया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी गणमान्य व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं तत्पश्चात राष्ट्रगान गायाे वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे से पूरा माहौल देश भक्तिमय हो गया। प्रबंधक अमित अग्रवाल ने संबोधित करते हुए उन्हें देश के गौरव व अधिकारों की महत्वता बताई। नींव द स्कूल यह आशा करता है की सभी शिक्षक गण एवं संस्थान से जुड़े व्यक्ति देश के विकास में अपना सहयोग दें। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक अमित अग्रवाल ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**मोदीनगर।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुरी मोदीनगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य डॉक्टर अंशु सिंह ने ध्वजारोहण के साथ की तत्पश्चात एनसीसी के कैडेट ने परेड प्रस्तुत कर सलामी दी। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए प्रधानाचार्य ने छात्रों को मुख्यमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया, महान स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया। रवि भूषण गौतम ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा छात्रों को संविधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य डॉ अंशु सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के पीटीए अध्यक्ष संतोष पांडे एम ग्राम प्रधान सारा संजय कुमार भी उपस्थित रहें। जिनका विद्यालय परिवार ने पौधा देकर स्वागत किया। समस्त शिक्षक हरीश बाबू राजीव मैतरे संगीता सिंह दीपक कुमार कल्पना वर्मा सतीश कुमारअरोड़ा सौरभ त्यागी विजय शंकर सिंह विजय कुमार प्रदीप कुमार सुशील नीलम आदित्य उमेर अर्जुन बबीता दीक्षित आदि समस्त उपस्थित रहे।






## व्यापार मंडल गोविंदपुरी के द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया

**मोदीनगर।** गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी के द्वारा पंत चौक पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल महामंत्री निर्दोष खटाना के साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल गोविंदपुरी के चेयरमैन अमितेज जैन व्यापार मंडल के अध्यक्ष सतेन्द्र गुप्ता वार्ड नंबर 26 के सभासद रीटा डोढी सभी व्यापारियों के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री संजीव कौशिक कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोवर्धन सचदेवा मीडिया प्रभारी नीरज ठाकुर एवं विजयनगर हरमुख पुरी व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राकेश शर्मा संगम टेलर सोनू अमर सिंह रोबिन सिंह लाड़े जसवीर शिवम गुप्ता आदि ने पंत चौक पर गोष्ठी के साथ ध्वज फहराकर राष्ट्रीय गान गया गया।



## तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल मोदीनगर में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**मोदीनगर।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल मोदीनगर में 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का आयोजन प्रभात फेरी से किया गया। सभी शिक्षकों ने तथा छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी में बढ़-चढ़कर भाग लिया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रीय गान गाया गया। विद्यालय प्रांगण में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा परेड करते हुए तिरंगे को सलामी दी गई। गणतंत्र दिवस पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए। लायन क्लब के सदस्यों द्वारा मेधावी व खेलकूद प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।



## गणतंत्र दिवस पर समाजसेवी सुमन चौधरी को सम्मानित किया गया

**मोदीनगर।** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग गाजियाबाद में 76 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इसी अवसर पर चिकित्सा सेवा में विशेष योगदान तथा जनमानस को निस्वार्थ चिकित्सा सेवा प्रदान करने हेतु गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सम्मानित किया गया। मोदीनगर से भी इस अभियान में अपना विशेष योगदान करने वाले राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संस्थान भारत से सुमन चौधरी समाजसेवी आर के चैरिटेबल ब्लड बैंक से डॉक्टर पुलकित त्यागी मां छोटी अनूपी के अध्यक्ष अभिषेक नेहरा को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# जिले में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

## गणतंत्र दिवस पर जीडीए ने किया रन फॉर रिपब्लिकका शानदार आयोजन, डीएम ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



- मधुबन–बापूधाम आवासीय योजना में कराई गई दौड़ प्रतियोगिता
- 18 वर्ष से कम आयु के लिए 1.5 कि.मी. व 18 वर्ष से ऊपर की आयु वाले दौड़े 3.5 कि.मी.
- सभी आयु वर्ग के लोगों ने दौड़ में लिया उत्साह के साथ भाग, विजेताओं को किया पुरस्कृत

**गाजियाबाद**। गणतंत्र दिवस के मौके पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा बेहतरीन आयोजन किया गया। जीडीए प्रांगण में जीडीए वीसी द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया और इसके बाद मधुबन-बापूधाम में रन फॉर रिपब्लिक यानी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ प्रतियोगिता का गाजियाबाद के नवनियुक्त जिलाधिकारी आईएएस दीपक मीणा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। दौड़ प्रतियोगिता को दो कैटेगरी में बांटा गया था। 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों के लिए डेढ़ किलोमीटर व 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए साढ़े तीन किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इस दौड़ प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के लोगों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जीडीए द्वारा कराए गए इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए रन फॉर रिपब्लिक में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस की शुभाकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण शहर को सुंदर और सुव्यस्थित बनाने में अग्रसर है। गाजियाबाद की पहचान पूरे प्रदेश और देश में अलग ही दिखाई देती है। उन्होंने जीडीए समेत सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर गाजियाबाद को और बेहतर बनाने के प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। जीडीए वीसी अतुल वत्स ने जिलाधिकारी दीपक मीणा का धन्यवाद करते हुए कहा कि गाजियाबाद के विकास को लेकर कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। हरनंदीपुरम योजना को साकार करने के लिए लगातार वर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरनंदीपुरम योजना को गाजियाबाद के विकास का एक मॉडल बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने मैराथन दौड़ के सफल आयोजन के लिए जीडीए के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। रन फॉर रिपब्लिक में जीडीए वीसी अतुल वत्स के साथ-साथ जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक ए के वाजपेयी, जिला सूचना अधिकारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अपर सचिव पी.के सिंह, ओएसडी श्रीमती गुंजा सिंह, श्रीमती कनिका कौशिक, सभी अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, प्राधिकरण का अन्य स्टाफ, दूर दूर से आये अन्य प्रतिभागियों के साथ दौड़े। सभी प्रतिभागियों के लिए जीडीए द्वारा बेहद अच्छी व्यवस्था की गई थी। देश भक्ति के तरानों के साथ तिरंगा छपी सफेद टीशर्ट में दौड़ रहे प्रतिभागियों में गजब का उत्साह था। पूरा क्षेत्र देश भक्ति से ओतप्रोत दिखाई दे रहा था। प्रतिभागियों की सुरक्षा का भी बेहद ख्याल रखा गया। जीडीए के पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में संबंधित थाने के टीम के साथ प्राधिकरण का पुलिस बल भी मौजूद रहा।







राजनगर सेक्टर 1 में पार्षद प्रवीण चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और ध्वजारोहण किया पौधारोपण भी किया बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया



26 जनवरी गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर राज नगर में वार्ड 84 के पार्षद प्रवीण चौधरी व समस्त राज नगर निवासियों ने ध्वजारोहण किया और एनसीसी कैडेट्स की परेड का आनंद लिया

गाजियाबाद में सरकारी अस्पताल में कार्यरत मनीष मित्तल जनरल सर्जन जो की मोदीनगर और लोनी में भी अपनी सेवा देते हैं, जनरल सर्जन मनीष मित्तल के कार्य की कुशलता और प्रामाणिकता और उनके कुशल कर को देखते हुए उनको आज 76वे गणतंत्र दिवस पर सीएमओ गाजियाबाद द्वारा उनके प्रशंसनिक कार्य को देखते हुए आज सीएमओ गाजियाबाद द्वारा उन्हें प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया





दिनांक 26 जनवरी 2025 दिन रविवार गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में ए2 प्रोपर्टीज के कार्यालय अशोक नगर मार्केट गाजियाबाद में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सहयोग से आयु 70+ आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया गया इस कैंप में 52 लोगों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया आयुष्मान कार्ड बनवाने आए सभी बुजुर्गों ने अनिल मेहरा वह आशु गोयल को अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता (बालू भाई) पार्षद अजीत निगम, पंडित अशोक भारतीय, प्रदीप चौधरी, रितेश शर्मा, समीर शर्मा, आशु पंडित, सौरव यादव, अरुण वाहिल, अरुण कुमार सिंह, सुशील कुमार (बबलू) और पारस प्रजापति उपस्थित रहे।



गाजियाबाद। 76वें गणतंत्र दिवस पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा विधायक संजीव शर्मा ने भाजपा नेतागण एवं भाजपाइयों संग नेहरू नगर स्थित मुख्यालय पर ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं पूरे नगर वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देता हूं। आज ही के दिन भारत ने अपना संविधान लागू करते हुए एक संप्रभु संपन्न लोकतांत्रित गणतंत्र भारत के रूप में अपनी एक नई यात्रा को प्रारंभ करने का निर्णय लिया था। एक लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी के नेतृत्व में भारत ने एक संविधान सभा का गठन किया। संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद को एक माला के रूप में पिरोने का उत्तरदायित्व बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर जी को दिया गया, जिन्होंने 26 नवंबर 1949 को एक मसौदा संविधान सभा के सामने सौंपा और अनंत: 26 जनवरी 1950 को ये देश खुद का संविधान लागू करने में सफल हो पाया। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि भारत का संविधान हमें न्याय, समता और बंधुता के साथ जुड़ने की एक नई प्रेरणा प्रदान करता है। सम और विषम परिस्थितियों में यह पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधने में सफल रहा है। आज के इस अवसर पर जब हम भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष को पूरा कर रहे हैं, इस अवसर पर मैं जिले के सभी नागरिकों को 76 वें गणतंत्र दिवस की बधाई देती हूं। इस दौरान भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक गोयल, अमर दत्त शर्मा, डॉक्टर वीरेश्वर त्यागी, मानसिंह गोस्वामी, पवन गोयल, सुभाष शर्मा, महामंत्री सुशील गौतम, उपाध्यक्ष रनिता सिंह, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंत्री संजय रावत, ऋचा भदौरिया, अमित रंजन, विनीत शर्मा, वीरेंद्र सारस्वत, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, संजय कांत शर्मा, भीम शर्मा, गीता चौधरी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर राज नगर मंडल में विभिन्न स्थानों पर किया ध्वजारोहण

राज नगर मंडल में विभिन्न स्थानों पर मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक एडवोकेट वार्ड नंबर 71 के पार्षद श्री उमेश पप्पू नागर मनोज कुमार गिरि राहुल शर्मा पार्षद प्रतिनिधि जितेन्द्र राठी अंकित गिरी विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्कूल में सेकंडों बच्चों बच्चों ने रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत कर उनका होशला बढ़ाया।



आज स्वदेशी प्रांगण मे 76 वा गणतंत्र दिवस स्वदेशी बंधुओ दुवारा आनंद के साथ मनाया गया। समारोहों मे अजित सिंह नंदा जी, राजीव जैन जी, मदन लाल जी, रुपेश गर्ग जी, ललित जी, राहुल जी, आशीष जी, पल्लव जी, और अन्य स्वदेशी बंधु सम्मलित हुए।



सर्वप्रथम चीफ वार्डन सर ने नवनियुक्त उप नियंत्रक महोदय नीरज चक जी को बुके देकर सम्मानित किया इसके उपरांत कटघर डिवीजन वार्डन मोहम्मद खालिद सिविल लाइन डिवीजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता प्रभारी कोतवाली डिवीजन वार्डन अशोक कुमार गुप्ता जी ने उप नियंत्रक महोदय को बुके देकर सम्मानित किया इस अवसर पर उप नियंत्रक महोदय ने भारतीय संविधान की शपथ दिलाई ।उप नियंत्रक महोदय व चीफ वार्डन महोदय के द्वारा विगत 2023–2024 में सराहनीय कार्य करने वाले वार्डन्स को अपर जिलाधिकारी नगर के हस्ताक्षर युक्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उपनियंत्रक व चीफ वार्डन ने नागरिक सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वार्डन्स को भविष्य मे और अधिक लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा 76 वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं दी ।प्रभागीय वार्डन मोहम्मद खालिद , अशोक कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता व डिप्टी डिवीजन वार्डन विचित्र शर्मा जी ने भी उपनियंत्रक व चीफ वार्डन सर व समस्त वार्डन्स को गणतंत्र दिवस की बधाई दी ।इस अवसर पर पूर्व डिवीजन वार्डन तनवीर बारी शम्सी पूर्व चीफ वार्डन के के रस्तोगी , वसीम अख्तर, राजेश गुप्ता,सिकंदर हुसैन,परवेज खा ,पूनम बंसल ,शबाना परवीन, शबीना परवीन ,अहमद हुसैन ,अमित भटनागर अब्दुल रहमान ,नीतू सक्सैना ,बबीता विश्नोई ,शकील अहमद खान आदि ने भी अपने विचार रखें तथा समस्त वार्डन्स को गणतंत्र दिवस की बधाई दी ।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिविल डिफेंस ने आयोजित किए कई कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सिविल डिफेंस की ओर से 24 जनवरी से 26 जनवरी तक चीफ वार्डन ललित जायसवाल एवं उपनियंत्रक रविंद्र प्रताप तथा सहायक उप नियंत्रक गुलाम नबी नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के मार्गनिर्देशन में प्रतिदिन कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा विभाग गाजियाबाद द्वारा आयोजित रैली को सफल बनाने में नागरिक सुरक्षा कोर गाजियाबाद की महिला विंग द्वारा अभूतपूर्व सहयोग प्रदान कर रैली को सफल बनाने में सहयोग किया गया। जिसकी प्रभारी स्टाफ अधिकारी श्रीमती संध्या त्यागी व सह प्रभारी श्रीमती ज्योति गुप्ता पोस्ट वार्डन आरक्षित टाउन हॉल प्रखंड रहीं। रैली में विशेषकर पोस्ट वार्डन रेखा अग्रवाल, पूनम शर्मा, मोनिका, श्रीमती कावेरी माईती, हेमा शिवपुरी, पुष्प लता, हरजीत कौर, एवं अन्य कर्मठ महिला वार्डनों के साथ ही हर्ष वर्मा प्रभारी डिविजनल वार्डन आरक्षित प्रभारी डिप्टी डिवीजन वार्डन कोतवाली रवि अग्रवाल, मुकेश शर्मा स्टाफ ऑफिसर फायर प्रखंड टाउन हॉल के अलावा काफी संख्या में महिला वार्डनों द्वारा रैली में प्रतिभाग कर रैली को सफल बनाया। रैली के पश्चात उत्तर प्रदेश दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय हिंदी भवन में आयोजित प्रदर्शनी में नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद द्वारा दो स्टाल लगाए गए जिसमें देश के क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों की चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## शहर विधायक व भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में शहर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद**। शहर विधायक व भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस शहर में धूमधाम से मनाया गया। वे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए और सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। विधायक संजीव शर्मा ने आहवान किया कि देश के शहीदों को कभी ना भूलें और उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज व देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। भाजपा के नेहरू नगर स्थित महानगर कार्यालय पर ध्वजारोहण कर विधायक संजीव शर्मा व भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि आज के दिन ही वर्ष 1950 में भारत का अपना संविधान लागू हुआ था। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद को एक माला के रूप में इस प्रकार पिरोया कि आज हमारा संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान माना जाता है। हम सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम देश की एकता अखंडता व भाईचारे को मजबूत करते हुए अपने देश को विश्व गुरू बनाएंगे। विधायक संजीव शर्मा ने आज विभिन्न कार्यक्रमों गगन एन्क्लेव मे ध्वजारोहण, जिला एमएमजी चिकित्सालय मे मरीजों को फल वितरित, और लोगो को सम्बोधित किया..विनीत त्यागी के पटेल नगर सेकंड निवास, वाल्मीकि कुंज पटेल नगर सेकंड, स्मार्ट हॉस्पिटल आर्य नगर में ध्वजारोहण कर शहीदों को नमन किया। कन्या वेदिक इंटर कॉलेज में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक संजीव शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई दी एवं छात्रों को पुरस्कार वितरण किया, साथ ही कहा कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। अतः शिक्षक व अभिभावक उनको इस प्रकार तराशें कि ये बच्चे बडे होकर अपने समाज व देश को विकास के शिखर तक ले जा सकें। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिनकी उन्होंने सराहना की। प्रताप विहार में गजे ठाकुर द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा मैं पहुंच कर देश के महापुरुषों को नमन किया व प्रताप विहार समाज कल्याण संस्था व प्रमिला चौधरी द्वारा आयोजित समारोह में विधायक व महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को सम्मानित किया गया।

आशु शर्मा द्वारा कुमाऊं रामलीला मैदान सेक्टर 11 प्रताप विहार में उन्होंने ध्वजारोहण किया। पार्षद पूनम सिंह द्वारा वार्ड 15 में आयोंजित समारोह में उन्होंने वार्ड के सभी सम्मानित लोगो का आभार व्यक्त किया। समारोह में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## एनसीआरटीसी यात्रियों की दी सौगात, नमो भारत स्टेशन और मेट्रो स्टेशन के बीच फ्री शटल सेवा शुरू

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। नमो भारत और मेट्रो स्टेशन के बीच लगभग 300 मीटर की दूरी है। इन दोनों स्टेशनों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए शटल सेवा के तहत ई-रिक्शा उपलब्ध हैं, जो यात्रियों को पीक आवर्स के दौरान एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक निशुल्क पहुंचाएंगे। एनसीआरटीसी ने यात्रियों की सुविधा के लिए गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन और शहीद स्थल, न्यू बस अड्डा मेट्रो स्टेशन को जोड़ने हेतु निशुल्क शटल सेवा की शुरूआत की है। यह पहल यात्रियों के लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एनसीआरटीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। नमो भारत और मेट्रो स्टेशन के बीच लगभग 300 मीटर की दूरी है। इन दोनों स्टेशनों के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए शटल सेवा के तहत ई-रिक्शा उपलब्ध हैं।



### पंचशील प्राइम 390 सोसायटी में किया ध्वजारोहण

**गाजियाबाद**। गोविंदपुरम स्थित पंचशील प्राइम 390 सोसायटी में गणतंत्र दिवस के मौके पर गणमान्य लोगों ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर नीरज गुप्ता, अभिषेक वार्ष्णेय, अखिलेश कंसल, मोहर सिंह, एसके गुप्ता, बलराज सिंह समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।